भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

परिपत्र संख्या : 120/2024

दिनॉक : 08/07/2024

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

अनुस्मारक–1

विषयः भारत स्काउउट्स एवं गाइड्स की 75वीं वर्षगांठ 'थीम प्रतियोगिता' के सम्बन्ध में।
सन्दर्भः राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या 59/2024 दिनांक 28 मार्च, 2024

महोदय/महोदया,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाएँ।

उपरोक्त विषयक कहना है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स वर्ष 2025 में अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रही है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75वीं वर्ष की आधिकारिक लॉन्चिंग 7 नवंबर, 2024 को की जाएगी।

इस ऐतिहासिक 75वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए 'थीम प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया हैं। यह प्रतियोगिता हमारे प्रतिभाशाली सदस्यों को अपनी रचनात्मकता दिखाने और हमारे संगठन की विरासत में योगदान करने का एक शानदार अवसर प्रदान करती है।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आप सभी स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, यूनिट लीडर्स, स्वयंसेवकों और राज्य अधिकारियों को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75वीं वर्षगांठ पर 'थीम' को प्रस्तुत करके इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं, जो भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के गौरवशाली इतिहास के 75वीं वर्षों के सार को दर्शाता है।

'थीम प्रतियोगिता' के दिशानिर्देशः

- पिछले 75 वर्षों में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के मूल्यों, उपलब्धियों और आकांक्षाओं को थीम में प्रतिबिंबित करना चाहिए।
- थीम प्रस्ताव में रचनात्मक एवं नवीन बनें।
- थीम का संक्षिप्त विवरण प्रदान करें एवं यह हीरक जयंती समारोह से कैसे संबंधित है।

राष्ट्रीय मुख्यालय 'थीम प्रतियोगिता' के सर्वश्रेष्ठ तीन विजेताओं को मान्यता देगा। इसके अतिरिक्त, चयनित थीम को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उत्सव की 75वीं वर्षगांठ से संबंधित सभी आधिकारिक संचार एवं कार्यक्रमों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

हम समस्त राज्य संघों से अनुरोध करते हैं कि वह अपने सदस्यों को इस प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए प्रेरित करें और थीम को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय में 10 जुलाई, 2024 तक या उससे पूर्व 75years@bsgindia.org पर ईमेल द्वारा भेजें।

धन्यवाद,

भवदीय,

(अमर बी0 क्षेत्री)
संयुक्त निदेशक स्काउट्स
(प्रोग्राम एवं प्रशिक्षण)

प्रतिलिपिः

1. भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के सभी पदाधिकारीगण।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट और गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 संस्थान एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली –110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, संस्थान एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–20130।
5. निदेशक, डी0ए0वी0
6. सभी जिला सचिव, दम्मम, रियाद, मस्कट और जमीयत यूथ क्लब के जिला संघ।